# एम0एल0के0पी0जी0 कालेज, बलरामपुर

दिनांक 05.07.2025

## कार्यालय ज्ञाप

समस्त सम्बन्धित को सूचित किया जाता है कि स्नातक एवं परास्नातक कक्षाओं में प्रवेश के नियम निम्नलिखित है –

1. छात्र को **स्नातक प्रथम वर्ष** में प्रवेश के समय सर्वप्रथम कला वर्ग, विज्ञान वर्ग एवं एकल विषय पाठ्यक्रम (बी0काम0, बी0बी0ए0 एवं बी0सी0ए0) में एक पाठ्यक्रम का चयन करना होगा।

पाठ्यक्रम चयन के उपरान्त कला एवं विज्ञान पाठ्यक्रम के छात्रों को अपने सम्बन्धित संकायों में से 02 मुख्य (मेजर) विषयों का तथा तीसरे गौण (माइनर) विषय का चयन बहुविषयकता के लिए अपने पाठ्यक्रम के किसी अन्य संकाय से अथवा दूसरे पाठ्यक्रम के किसी संकाय में से एक विषय का चयन महाविद्यालय में उस विषय की सीट उपलब्धता के आधार पर करना होग।

### संकाय तालिका

| पाठ्यक्रम–कला स्नातक | | पाठ्यक्रम–विज्ञान स्नातक | | | पाठ्यक्रम–एकल विषय संकाय |
|---|---|---|---|---|---|
| कला संकाय | भाषा संकाय | गणितीय संकाय | भौतिकीय संकाय | जैविक विज्ञान संकाय | |
| 1.अर्थशास्त्र | 1.हिन्दी | 1.गणित | 1.भौतिक विज्ञान | 1.वनस्पति विज्ञान | बी0काम0 |
| 2.शिक्षाशास्त्र | 2.संस्कृत | 2.कम्प्यूटर साइंस | 2. रसायन विज्ञान | 2.जन्तु विज्ञान | बी0बी0ए0 |
| 3.मध्यकालीन इतिहास | 3.उर्दू | | | 3.बीज प्रौघोगिकी | बी0सी0ए0 |
| 4.समाजशास्त्र | 4.अंग्रेजी | | | | नोट–उपरोक्त तीनों एकल विषय संकाय को चयनित करने वाले उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को स्नातक, कामर्स/स्नातक, विजनेज एडमीनिस्ट्रेशन/ स्नातक, कम्प्यूटर एप्लीकेशन की उपाधि प्रदान की जायेगी। |
| 5.राजनीतिशास्त्र | | | | | |
| 6.भूगोल | | | | | |
| 7.मनोविज्ञान | | | | | |
| 8.गृहविज्ञान | | | | | |
| 9.शारीरिक शिक्षा | | | | | |
| उपरोक्त दोनों पाठ्यक्रम (कला एवं विज्ञान स्नातक) के संकायों में से किसी दो विषयों का चयन मुख्य रूप से किये जाने वाले छात्रों को उस संकाय से सम्बन्धित पाठ्क्रम जैसे स्नातक कला/स्नातक विज्ञान संकाय की उपाधि प्रदान की जायेगी। | | | | | |

एकल विषय/संकाय स्नातक (बी0काम0/बी0बी0ए0/बी0सी0ए0) पाइठ्यक्रम का चयन अपने संकाय के ही तीनों विषयों में से ही 02 मेजर/एक माइनर का चयन करना अनिवार्य होगा।

2. **परास्नातक स्तर** के छात्र उन्हीं विषयों में प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं जिन विषयों का अध्ययन उसके द्वारा स्नातक तृतीय वर्ष में किया गया हो।

3. स्नातक/परास्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए संकाय/विषय चयन की पात्रता

| प्रवेश का विषय/पाठ्यक्रम | प्रवेश हेतु छात्रों की पात्रता | |
|---|---|---|
| | विषय वर्ग | पात्रता अंक/प्रतिशत |
| विज्ञान संकाय (स्नातक) | इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग (गणित) | इण्टरमीडिएट–36% अंक |
| | इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग (जीव विज्ञान) | इण्टरमीडिएट–36% अंक |
| कला संकाय (स्नातक) | इण्टरमीडिएट– कला वर्ग या विज्ञान वर्ग या वाणिज्य वर्ग या कृषि वर्ग या व्यवसायिक वर्ग | इण्टरमीडिएट–36% अंक |
| वणिज्य संकाय (स्नातक)/ बी0बी0ए0 | इण्टरमीडिएट–वाणिज्य वर्ग या हाईस्कूल/ इण्टरमीडिएट में गणित अथवा इण्टरमीडिएट में अर्थशास्त्र विषय के साथ कला वर्ग या हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट में गणित विषय के साथ विज्ञान वर्ग अथवा कृषि वर्ग अथवा व्यवसायिक वर्ग | इण्टरमीडिएट–36% अंक |
| बी0सी0ए0 | इण्टरमीडिएट–विज्ञान वर्ग (गणित) | इण्टरमीडिएट–36% अंक |
| एम0ए0 | बी0ए0 तृतीय वर्ष के विषय | बी0ए0–40% अंक या समतुल्य ग्रेड |
| एम0एस–सी0 | बी0एस–सी0 तृतीय वर्ष के विषय | बी0एस–सी0–40% अंक या समतुल्य ग्रेड |
| एम0काम0 | बी0काम0 | बी0काम0–40% अंक या समतुल्य ग्रेड |

प्राचार्य
5/7/25

Scanned with OKEN Scanner